# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

A MAHARATNA COMPANY

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 30 जून 2025

अंक : 506

## वेकोलि में 114 जगहों पर सोल्लास मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 7070 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया



वेकोलि (वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड) में दिनांक 21.06.2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, 114 स्थलों पर योगाभ्यास कर, योगा दिवस मनाया गया। इस आयोजन में कुल 7070 कर्मी, ठेका कर्मी तथा कर्मियों के आश्रित शामिल हुए। वेकोलि के इस भव्य प्रयास का उद्देश्य जन-सामान्य में, मुख्यतः अपने कार्य-क्षेत्र महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश राज्यों में, योग के प्रति जागरूकता निर्माण करना तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। योग दिवस के स्थलों में सभी क्षेत्रों के साथ ही रामटेक मंदिर (हेरिटेज साइट), भारत का केंद्र - नागपुर जीरो माइल, सावनेर इको पार्क, पाथाखेड़ा की साइअन्टिफिकली क्लोज्ड माइन पीके-2, विभिन्न ग्राम पंचायत, स्कूलों, अस्पतालों, सामूहिक भवनों, माइन पीट ऑफिस आदि का भी समावेश रहा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य कार्यक्रम उमरेड क्षेत्र स्थित छत्रपति शिवाजी स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने स्टेडियम में 800 से अधिक प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने योग के सत्र के पश्चात, जन जागृति के लिए वेकोलि के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर योगाभ्यास करते हुए विडियो अपलोड करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया। इसके उपरान्त उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया।

**7070 प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास**

अपने संबोधन में सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने योग के महत्व को उजागर करते हुए इसे अपनी दिनचर्या में अपनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है। संबोधन में शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थ पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि देश हित में अपना योगदान देने के लिए स्वस्थ रहना आवश्यक है। उन्होंने, योग के जरिए स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य बरक़रार रखते हुए उत्कृष्ट कोयला खनन एवं इस जरिए देश की विकास यात्रा में वेकोलि का सहयोग – इस समीकरण को स्पष्ट किया। उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएँ दी।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामटेक के माननीय सांसद श्री श्यामकुमार बर्वे तथा उमरेड के माननीय विधायक श्री संजय मेश्राम ने संबोधित करते हुए योग के उपयोग पर विस्तार से बात की। आयोजन में उमरेड के पूर्व विधायक श्री राजू पारवे, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे विशेष तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वेकोलि संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्य, झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा, उपाध्याक्षाएं तथा सदस्याएं, यूनियन प्रतिनिधि, मुख्यालय तथा क्षेत्रों के महाप्रबंधक गण एवं विभागाध्यक्षों की उपस्थिति रही।






ज्ञात हो कि कोयला कर्मियों तथा उनके आश्रितों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ने के उद्देश्य से गत महीनों में वेकोलि में कई महत्वपूर्ण पहल किए गए है। इनमें जागरूकता रैली, बूट कैंप, विद्यार्थियों एवं कर्मियों के लिए स्लोगन, क्विज तथा चित्रकला स्पर्धा, योग का प्रशिक्षण, बैनर एवं पोस्टर का प्रदर्शन, पैम्फलेट वितरण, योग संबंधी विषयों पर सत्र, सोशल मीडिया प्लेटफार्म का समुचित उपयोग, कर्मियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना है।

## वेकोलि द्वारा उपभोक्ता बैठक का आयोजन




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) द्वारा 27 जून 2025 को नागपुर के होटल रेडिसन ब्लू में उपभोक्ता बैठक (Consumer Meeting) का आयोजन किया गया।बैठक में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे पी द्विवेदी मुख्य अतिथि एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन), श्री ए.के. सिंह, निदेशक (वित्त), श्री बिक्रम घोष, निदेशक (तकनीकी/परियोजनाएं एवं योजना) श्री आनंदजी प्रसाद और निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में सीएमडी श्री जे पी द्विवेदी ने वेकोलि द्वारा की गई प्रगति और उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में बताते हुए, उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि डब्ल्यूसीएल उनकी संतुष्टि के अनुसार कोयला आपूर्ति करने का प्रयास करेगा। उन्होंने डब्ल्यूसीएल की आगामी परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। वेकोलि के निदेशकों ने भी कंपनी की आगामी परियोजनाओं पर जानकारी साझा की। बैठक के शुरवात में आनंद टेमुर्निकर, महाप्रबंधक (एम एंड एस), वेकोलि ने स्वागत भाषण किया।

बैठक में महाजेनको, एमपीपीजीसीएल, एनटीपीसी, अडानी, जीएमआर, धारीवाल, आइडियल एनर्जी, बीएलए पावर, अल्ट्राटेक, अतुल लिमिटेड, अंबुजा और मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों के कई अन्य उपभोक्ताओं सहित बिजली और गैर-बिजली दोनों क्षेत्रों के प्रमुख हितधारकों की उत्साही भागीदारी देखी गई। बैठक में खुली बातचीत के लिए भी मंच प्रदान किया, जहां उपभोक्ता के शिकायतों, सुझावों और सिफारिशों पर चर्चा की गई। यह आयोजन उपभोक्ता संबंधों को मजबूत करने और सेवा वितरण को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।



## श्रीमती प्रीती निमजे ने साइकिल से पूर्ण की 700 की.मी की यात्रा



वेकोलि (वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड) मुख्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) पद पर कार्यरत श्रीमती प्रीती निमजे ने दृढ़ संकल्प और कठोर परिश्रम एक मिसाल पेश करते हुए साइकिल से 700 की.मी की यात्रा पूर्ण की है। उन्होंने 15 जून, 2025 को नागपुर से पंढरपुर के लिए यह यात्रा प्रारंभ की और मात्र 6 दिनों में 700 की.मी का सफ़र तय किया। 20 जून, 2025 को पंढरपुर के विट्ठल मंदिर में दर्शन के उपरान्त उन्होंने अपने सफ़र को विराम दिया।

इस अद्भुत कार्य को संपन्न करने के बाद दिनांक 26.06.2025 को श्रीमती प्रीती ने वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष से भेंट की तथा उन्हें इस उपलब्धि के विषय में बताया। श्री घोष ने प्रीती को हार्दिक बधाई देते हुए आगे भी बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने के फायदे हम सब जानते है, लेकिन इस विधा को नए मुकाम पर पहुँचाने की ज़िद कम ही लोगों में होती है। उन्होंने कहा कि यह निश्चित ही गौरव की बात है कि श्रीमती प्रीती ने ऐसा यश हासिल किया है।

श्रीमती प्रीती ने बताया कि 700 की.मी की नागपुर से पंढरपुर की यात्रा कठिन लेकिन प्रेरणादायक रही। साइकिलिंग में शारीरिक सबलता से साथ दृढ़ संकल्प भी आवश्यक है। जब व्यक्ति थक जाता है तब मनोबल ही काम आता है। उन्होंने अपने यश में वेकोलि के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



## सुरक्षा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का दीक्षांत समारोह संपन्न




वेकोलि (वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड) के सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित बेसिक सुरक्षा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का भव्य दीक्षांत समारोह नागपुर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री ऋषिकेश सोनावने, भा.पु.से, पुलिस अधीक्षक सह विभागाध्यक्ष, सीबीआई नागपुर ने परेड का निरीक्षण किया।

प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को सुरक्षा प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, आधुनिक उपकरणों के उपयोग, शस्त्र संचालन व शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण दिया गया। कुल 58 प्रतिभागियों ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया। मुख्य अतिथि ने सुरक्षा कर्मियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और उनके उत्तरदायित्वों पर बल दिया। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह में ले.क (डॉ.) विक्रांत मलहन, विभागाध्यक्ष (सुरक्षा)/ मुख्य सुरक्षा अधिकारी, वेकोलि, अधिकारीगण, प्रशिक्षकगण तथा वेकोलि सुरक्षा विभाग के पर्यवेक्षक उपस्थित थे।



## सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान समारोह



वेकोलि (वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड) मुख्यालय से जून - 2025 माह में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जय प्रकाश द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री अनिल कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेश क (मानव संसाधन) डॉ हेमंत शरद पांडे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वेकोलि मुख्यालय से इस माह श्री बी. के. श्रीवास्तव (महाप्रबंधक यांत्रिकी / सिविल), श्री के. रामकृष्णा रेड्डी (महाप्रबंधक ई एंड टी), श्री अशोक खेमचंद हरवानी (मुख्य प्रबंधक यांत्रिकी / सिविल), श्री दिलीप तुलसीराम रामटेके (का. अधि.), श्री दिलीप डफ (असि. सुपरवाइजर ट्रांसपोर्ट), हरिचन्द्र बी. काहिले (असि. सुपरवाइजर ट्रांसपोर्ट), श्री संजय कावले (असि. सुपरवाइजर ट्रांसपोर्ट), श्री दिलीप कुर्रेवार (चीफ ड्राफ्ट्समैन), श्री मुश्ताक अहमद खान (फोरमैन इनचार्ज इलेक्ट्रिकल), श्री विट्ठल कडू (ई. पी फिटर), श्रीमती मन्माया गुरुंग (पियून) सेवानिवृत्त हुए।

समारोह में वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ




वेकोलि (वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड) में दिनांक 16 जून से 30 जून 2025 तक चलाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़े का स्वच्छता शपथ के साथ शुभारंभ किया गया।

मुख्यालय में वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने स्वच्छता शपथ का वाचन किया जिसे 200 से अधिक उपस्थित कर्मियों ने दोहराया। उपस्थितों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा प्रत्येक वर्ष में 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने हेतु संकल्प लिया।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना तथा संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे की विशेष उपस्थिति रही । कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

यह स्वच्छता पखवाड़ा वेकोलि मुख्यालय के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में मनाया जाएगा। पखवाड़े के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूकता निर्माण करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

पखवाड़े के दौरान नुक्कड़ नाटक, कपड़े के थैलों का वितरण, बैठक, वृक्षारोपण, रैली आदि के माध्यम से स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के संदेश भी जन-जन तक पहुँचाए जाएँगे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्त दान शिविर का आयोजन




विश्व रक्तदाता दिवस पर वेकोलि मुख्यालय में जीवन ज्योति ब्लड सेंटर, नागपुर, के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वेकोलि मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने किया।

अवसर विशेष पर अपने उद्बोधन में डॉ. हेमंत शरद पांडे ने कहा कि इस शिविर में वेकोलि कर्मियों तथा उनके आश्रितों ने रक्त दान कर के, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए रक्तदान के महत्व को उजागर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान निश्चित ही श्रेष्ठ दान है और इस नेक कार्य में डॉ. पांडे ने वेकोलि की भागीदारी का आश्वासन दिया।

शिविर में 55 लोगों ने रक्त दान किया। शिविर के आयोजन में चिकित्सा सेवाएँ विभाग का सक्रिय योगदान रहा। शिविर में जीवन ज्योति ब्लड सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. शीला मूंदड़ा की विशेष उपस्थिति रही।





वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटस्, नागपुर द्वारा मुद्रित।